सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 25.09.2024

आभूषणों की सफाई करने के नाम पर धोखाधड़ी से आभूषणों की चोरी करने वाले 03 अन्तर्राज्यीय अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से आभूषणों की सफाई में प्रयुक्त सामग्री सहित चोरी किये गये आभूषण बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना चकरनगर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 25.09.2024 को वादिनी वर्षा देवी पत्नी सिरोत्तम सिंह निवासिनी ग्राम नगला कढोरी थाना चकरनगर जनपद इटावा द्वारा थाना चकरनगर पर सूचना दी कि दिनांक 24.09.2024 को दोपहर के समय 03 व्यक्तियों द्वारा उसके घर आकर उसके आभूषणों की सफाई करने का कहकर धोखाधड़ी से आभूषणों की चोरी कर ली सूचना पर तत्काल थाना चकनरनगर पर **मु0अ0सं0 82/2024 धारा 303(2)/317(2)/324(4)/324(5)/318(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया।**

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वाँछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 25.09.2024 को थाना चकरनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान **मु0अ0सं0 82/2024 से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों को समय 01.10 बजे गिरफ्तार** किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. राजकुमार पुत्र रामदेव निवासी बहुआरा थाना बखारी जनपद बेगूसराय बिहार **उम्र 41 वर्ष।**
02. विकास पुत्र धनीक साह निवासी थाना राजा सोमवर्षा जिला सहरसा बिहार **उम्र 28 वर्ष**
03. दिनेश कुमार पुत्र कमली साह निवासी वेला वहुआरा थाना वरवरी जिला बेगूसराय बिहार **उम्र 32 वर्ष**

पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0 82/2024 धारा 303(2)/317(2)/324(4)/324(5)/318(4) बीएनएस थाना चकरनगर जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 01 चाँदी की चैन
2. 05 प्लास्टिक पैकेट
3. 01 पैकेट पीताम्बरी लिखा हुआ
4. 09 पुडिया चूना पाउडर व 20 पुडिया पीताम्बरी
5. 07 प्लास्टिक की वोतल छोटी बडी जिनमें आभूषण साफ करने का केमिकल
6. स्टील के कटोरे
7. 12 कटोरा प्लास्टिक ,
8. 05 ब्रुश छोटे व बडे ,
9. 01 चिमटा लोहा ,
10. 01 सडासी लोहा
11. 03 मोबाइल।

पुलिस टीम- निरी0 श्री राजेन्द्र विक्रम सिंह प्रभारी थाना चकरनगर, उ0नि0 घनश्याम सिंह, का0 आजाद, का0 हरेश कुमार ।